तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 22 जून 2026

11 योग स्वस्थ और संतुलित जीवन की आधारशिला...



10 योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, स्वस्थ और खुशहाल...





# अधिकमास समाप्त, अब होंगे विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, कार्य व अन्य मांगलिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

हिंदू पंचांग के अनुसार अधिकमास (मलमास) की समाप्ति के साथ ही विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, मुंडन एवं अन्य मांगलिक कार्यों पर लगी धार्मिक रोक समाप्त हो गई है। इसके साथ ही शुभ कार्यों के लिए पुनः अनुकूल समय प्रारंभ हो गया है, जिससे विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिवारों सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों की तैयारी कर रहे लोगों में उत्साह का माहौल है।

■ जून और जुलाई में 12 दिनों के हैं शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अधिकमास को भगवान विष्णु की आराधना, जप, तप, दान और पुण्य कार्यों के लिए विशेष माना जाता है, जबकि इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, नवीन प्रतिष्ठान का उद्घाटन तथा अन्य शुभ संस्कारों को वर्जित माना जाता है।

अब अधिकमास समाप्त होने के बाद जून और जुलाई माह में 13 जुलाई तक कई शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं, जिनमें लोग अपने पारिवारिक और धार्मिक आयोजनों का संपादन कर सकेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ मुहूर्त में संपन्न किए गए मांगलिक कार्यों से परिवार में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे में आने वाले दिनों में जिले भर में विवाह समारोहों एवं अन्य धार्मिक आयोजनों की धूम देखने को मिलेगी। इसके बाद 25 जुलाई से चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा और अगले चार माह तक मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं, जिसके कारण विवाह समेत अन्य शुभ कार्य नहीं किए जाते। नवंबर के अंत में देवउठनी एकादशी के साथ पुनः विवाह और मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी।

## 25 जुलाई से शुरू होगा चर्तुमास, फिर लग जाएगा प्रतिबंध



### जून और जुलाई के शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार जून माह में 23, 24, 26, 27 और 30 जून को विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों के लिए शुभ योग बन रहे हैं। वहीं जुलाई माह में 1, 2, 3, 7, 8, 9 और 13 जुलाई को भी शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे। इन तिथियों में विवाह, गृह प्रवेश, वाहन क्रय, नामकरण संस्कार, यज्ञोपवीत तथा अन्य धार्मिक कार्य संपन्न किए जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोण्डे में योगाभ्यास



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शाउमावि कोण्डे में प्राचार्य बाबूलाल कोमरे की उपस्थिति में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। व्यायाम शिक्षक राधेलाल समरथ सहित अन्य शिक्षकों ने योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। प्राचार्य ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान किया। अंत में सभी ने स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

### सार्वजनिक स्थल पर पिलाई शराब, एक पर की कार्रवाई



**कांकेर।** कांकेर जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस कार्रवाई जारी है। चारामा थाना क्षेत्र के आंवरी चौक में सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाए जाने पर तेलगुड़ा निवासी अजय नारायण को 20 जून को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया, वहीं नरहरपुर पुलिस ने गितपहर निवासी 32 वर्षीय अजय कुमार उसेंडी के कब्जे से 4.260 लीटर अवैध शराब जब्त की। आरोपी शराब बिक्री के लिए ले जा रहा था, जिस पर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### दमकसा में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक शाला दमकसा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, आरती एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा कराकर शिक्षा के नए सफर की शुरुआत कराई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तकें और कॉपियां वितरित की गईं। प्रधान पाठक खुशबू योगी एवं सहायक शिक्षक प्रहलाद ध्रुव ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में पालकगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पीएम किसान सम्मान निधि के लिए लग शिविर



**सरोना।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद पंचायत नरहरपुर परिसर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु अनुभाग स्तरीय नवीन पंजीयन एवं त्रुटि सुधार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पीएम किसान, आयुष्मान भारत, पीएम आवास, पीएम सूर्य घर सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं पंजीयन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। शिविर में प्राप्त 36 आवेदनों में से 25 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

## मप्र की 40 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ऑर्टिगा कार से जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

# कोंडागांव में ढाई लाख की शराब खपाने के पूर्व अंतागढ़ में पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/अंतागढ़

अंतागढ़ के कढ़ाई खोदरा में लगाए गए एमसीपी के दौरान पुलिस ने संदेही अर्टिगा कार को रोका और तलाशी लिए जाने पर मध्यप्रदेश निर्मित 40 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करने में सफलता मिली। कार्रवाई में भिलाई निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए लगभग 10.65 लाख रुपए की शराब एवं वाहन जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

■ भिलाई पासिंग की आर्टिगा कार में गोवा व्हिस्की की 1,970 पौवा लोडड थी

अंतागढ़ पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक अर्टिगा कार अंतागढ़ से आमाबेड़ा से होते हुए कोंडागांव जाने वाली है, उसमें संदिग्ध सामग्री लोड है। इसी सुचना के आधार पर अंतागढ़ पुलिस ने ग्राम कढ़ाई खोदरा में एमसीपी लगाकर वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दौरान सफेद रंग की ऑर्टिगा कार क्रमांक सीजी 07 सीजेड 3590 को रोककर उसकी तलाशी ली गई।

जांच के दौरान वाहन के भीतर बड़ी मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब रखी हुई मिली। पुलिस ने वाहन से कुल 40 पेटी अवैध शराब बरामद की। ⏭ शेष पेज 10 पर



### अनूपपुर से लोड किया, कोंडागांव जाना था

पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बरामद शराब को मध्यप्रदेश के अनूपपुर से लाना स्वीकार किया है और कोंडागांव जाना बताया, उसके बाद फोन पर जो खबर मिलती, उसके अनुसार आगे निर्देश का पालन करते। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि शराब को किस उद्देश्य से और किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। मामले में तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस को पूछताछ में ऐसे इनपुट मिले है, जिससे इसमें दो से तीन लोग और संलिप्त हो सकते है।

### आरोपी पर दर्ज हैं कई मामले

एएसपी आशीष चंद्रकार ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि आरोपी महेश सेन का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। उसके विरुद्ध थाना कोतवाली जिला बलौदाबाजार अपराध क्रमांक 464/2020 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम, थाना सुपेला जिला दुर्ग अपराध क्रमांक 630/2020 धारा 20(बर) एनडीपीएस एक्ट, थाना सुपेला जिला दुर्ग अपराध क्रमांक 504/2019 धारा 294, 323, 506 आईपीसी, थाना सुपेला जिला दुर्ग अपराध क्रमांक 1200/2018 धारा 279 आईपीसी, थाना सुपेला जिला दुर्ग अपराध क्रमांक 416/2026 धारा 115(2), 296, 351 (3) आईपीसी के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इसके मद्देनजर पुलिस उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही है।

### कार्रवाई टीम में रहे शामिल

इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रहलाद यादव, उपनिरीक्षक आलोक सुबोध, सहायक उपनिरीक्षक कन्हैया मरकाम, पीएसआई नकुल पैकरा, आरक्षक रोशन नेताम, हरिशंकर मांडवी, श्रवण बट्टी, ईश्वर कोरोटी तथा महिला आरक्षक आश्रिता यादव की भूमिका सराहनीय रही।

## गैस रिफिलिंग के लिए 45 दिनों की प्रतीक्षा, उज्ज्वला उपभोक्ता निराश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अब दुर्गूकोंदल क्षेत्र के हजारों परिवारों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए लागू 45 दिनों की अनिवार्य अवधि के कारण बड़े और संयुक्त परिवारों के सामने रसोई चलाना मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हैं कि 22 से 25 दिनों में सिलेंडर खाली हो जाने के बाद लोगों को शेष दिनों तक फिर से लकड़ी के चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है।

■ 22-25 दिन में खाली हो रहे सिलेंडर, नए नियम से बढ़ी ग्रामीण परिवारों की मुश्किलें

दुर्गूकोंदल विकासखंड की 44 ग्राम पंचायतों में उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 1800 गैस कनेक्शन वितरित किए गए हैं, जबकि करीब 1100 अन्य घरेलू कनेक्शन भी संचालित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बढ़ती खपत के बावजूद निर्धारित अवधि से पहले रिफिलिंग नहीं मिलने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम भडारडिगी निवासी प्रदीप कुमार मंडावी और रविंद्र मंडावी ने बताया कि संयुक्त परिवार होने के कारण सिलेंडर अधिकतम 22 से 25 दिनों तक ही चल पाता है। इसके बाद मजबूरन लकड़ी के चूल्हे में भोजन बनाना पड़ता है। खेती-किसानी के मौसम में अतिरिक्त सिलेंडर खरीदना भी आर्थिक रूप से संभव नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि समय से पहले गैस एजेंसी पहुंचने पर उन्हें नियमों का हवाला देकर वापस लौटा दिया जाता है। बरसात के मौसम को देखते हुए लोग घर में अतिरिक्त भरा सिलेंडर रखना चाहते हैं, लेकिन 25 से 30 किमी. की दूरी तय करने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि लकड़ी के धुएं से आंखों ⏭ शेष पेज 10 पर

## बेकाबू स्कॉर्पियो की टक्कर से युवक गंभीर एवं चालक वाहन समेत फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शहर में तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार दोपहर एक तेज गति से गलत दिशा में आ रही स्कॉर्पियो ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिवनगर निवासी 21 वर्षीय सागर सिंह रविवार दोपहर करीब दो बजे अपनी मोटरसाइकिल से पेट्रोल भरवाने के लिए ज्ञानी चौक की ओर जा रहा था। इसी दौरान शासकीय कन्या शाला के समीप विपरीत दिशा से आ रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 19 बीएन 0673 के चालक ने कथित रूप से गलत साइड से तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में सागर सिंह को दाहिने हाथ, दाहिनी आंख के ऊपर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर और अंदरूनी चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों की मदद से घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल युवक की मां 40 वर्षीय निर्मला सिंह निवासी शिवनगर थाना ⏭ शेष पेज 10 पर

■ ज्ञानी चौक जा रहे शिवनगर निवासी युवक हादसे का शिकार, पुलिस ने दर्ज किया मामला

## गितपहर में जमीन विवाद पर पिता पुत्र ने की मारपीट और दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जमीन विवाद को लेकर एक बार फिर तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। नरहरपुर थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी हल्बा अंतर्गत ग्राम गितपहर में जमीन पर कब्जे के अधिकार को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जहां विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट और जान से मारने की धमकी तक बात पहुंच गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मरकाटोला निवासी 65 वर्षीय राजकुमार चालकी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह 20 जून को अपने जीजा सियाराम, बहन राजकुमारी और भांजे रमेश के साथ ग्राम गितपहर पहुंचे थे। सियाराम की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसका फैसला तहसील कार्यालय चारामा द्वारा उनके पक्ष में किया गया था। इसके बाद परिवार के सदस्य संबंधित भूमि पर सीमेंट पोल लगाने के लिए गड्ढे खोदकर खंभे गाड़ रहे थे। इसी दौरान ग्राम गितपहर निवासी मोतीराम साहू और उसका पुत्र पियूष साहू वहां पहुंचे और जमीन को अपना बताते हुए विवाद करने लगे। शिकायत के अनुसार, दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए राजकुमार चालकी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उनके कंधे और पीठ में चोटें आईं तथा दर्द की शिकायत हुई। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके पर लगाए गए सीमेंट पोल को भी उखाड़कर फेंक दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी मोतीराम साहू और पियूष साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



खंभे लगाने पहुंचे परिवार पर हमला, खंभे भी उखाड़कर फेंके

## सरोना में स्वास्थ्य विभाग के सामने जलभराव से आवागमन की मुसीबत

**सरोना।** बारिश शुरू होते ही सरोना में स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के सामने जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क पर कई दिनों तक पानी जमा रहने से मरीजों, राहगीरों, स्कूली विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसके लिए हाल ही में मंडी बोर्ड द्वारा कराए गए सीसी रोड निर्माण को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई नाली से बारिश का पानी आसानी से निकल जाता था, लेकिन सीसी रोड बनने के बाद न तो नई नाली का निर्माण किया गया और न ही पुरानी व्यवस्था को व्यवस्थित रखा गया। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के सामने तालाब ⏭ शेष पेज 10 पर



## कमजोर मानसूनी सिस्टम के चलते खेतों में पसरा सन्नाटा

# मानसून की बेरुखी से चिंतित अन्नदाता बारिश के इंतजार में थमी धान बोआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए बैठे जिले के किसानों को इस बार मानसून की सुस्त चाल ने चिंता में डाल दिया है। जून माह आधा से जयादा बीतने के बावजूद जिले में झमाझम बारिश नहीं होने से धान की बोआई का काम लगभग ठप पड़ गया है। खेत तैयार हैं, बीज और खाद की व्यवस्था भी की जा चुकी है, लेकिन आसमान में बादलों की आंख-मिचौली के बीच अन्नदाता बूंदों का इंतजार करते-करते परेशान हो चुके हैं। कमजोर मानसूनी सिस्टम के कारण बारिश नहीं होने से खेती-किसानी से जुड़े सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

■ खेत तैयार, बीज-खाद रेडी, मानसून के सामने किसान बेबस

कांकेर जिले की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है और यहां अधिकांश किसान खरीफ सीजन में धान की खेती पर निर्भर रहते हैं। हर वर्ष जून के दूसरे सप्ताह तक अच्छी बारिश के साथ खेतों में बोआई का कार्य शुरू हो जाता है, लेकिन इस बार मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। कहीं हल्की फुहारें पड़ रही हैं तो कहीं बादल बिना बरसे ही लौट जा रहे हैं। ऐसे में खेतों में नमी की कमी के कारण किसान बोआई शुरू करने का जोखिम नहीं उठा पा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अन्य क्षेत्रों में मजबूत सिस्टम विकसित नहीं होने के कारण मानसून की गतिविधियां कमजोर पड़ी हुई हैं। यही वजह है कि जिले में लगातार अच्छी बारिश का सिलसिला शुरू नहीं हो पाया है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि पर्याप्त बारिश होने के बाद ही धान की बुआई में तेजी आएगी। बारिश में हो रही देरी का असर केवल किसानों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि खेती से जुड़े मजदूरों, ट्रैक्टर संचालकों और कृषि कार्यों से जुड़े अन्य लोगों के रोजगार पर भी पड़ रहा है। ⏭ शेष पेज 10 पर



### रोपाई-बुआई पिछड़ जाएगा

किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की रोपाई और बुआई का पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है, जिससे उत्पादन पर भी असर पड़ने की आशंका है। फिलहाल जिले का अन्नदाता सुबह से शाम तक आसमान की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है और मानसून के सक्रिय होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।



# नगर निगम को महिला पिंक टॉयलेट के लिए दिए 32.52 लाख का चेक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड ने नगर पालिका निगम जगदलपुर को महिला पिंक टॉयलेट के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत निगम परिक्षेत्र में दो महिला पिंक शौचालय निर्माण के लिए 32 लाख 52 हजार का धनादेश जारी किया। दो महिला पिंक शौचालय इसमें संजय मार्केट एवं शहीद पार्क में बनाए जाएंगे। निर्माण कार्य के लिए नगर निगम को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त की गई है। साथ ही उपरोक्त निर्माण कार्य केवल शासकीय भूमि में किया जाने एवं स्वीकृति केवल उपरोक्त वर्णित निर्माण कार्य हेतु है। भविष्य में इस हेतु रखरखाव एवं अन्य कार्य संबंधित संस्था द्वारा किया जावेगा। वह इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड का कोई उत्तरदायित्व नहीं रहेगा। बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा भाजपा की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस पहल को बढ़ावा दिया है। सर्व सुविधा युक्त शौचालय

## छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन का महापौर ने माना आभार



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, श्वेता बघेल, संग्राम सिंह राणा पार्षद पूनम सिन्हा एवं बसंती सहित बी. जय राम, शशि नाथ पाठक, राजपाल कसेर. गायत्री बघेल, रितेश सिन्हा, भास्कर समरथ,हितेश राय, मानिक राम सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नहीं होने के कारण परिवार के साथ बाजार जाने वाली महिलाओं को कई बार अमर्यादित परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उनकी समस्याओं को ध्यान में रखकर बेवरेजेस कॉरपोरेशन द्वारा पिंक शौचालय निर्माण हेतु नगर निगम को सीएसआर मद से राशि स्वीकृत की गई है। आने वाले समय में नगर निगम जगदलपुर के लिए बेवरेजेस कॉरपोरेशन हमेशा साथ में खड़े रहेगा।

महापौर संजय पांडे ने कहा सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा, स्वच्छता और सम्मान के लिए बनाए जाने वाले पिंक शौचालय का निर्माण हेतु राशि उपलब्ध होने पर बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष को धन्यवाद प्रेषित करता हूं। पिंक टॉयलेट महिलाओं की सुरक्षा व आत्मसम्मान का प्रतीक है। पिंक टॉयलेट महिलाओं और बालिकाओं के लिए विशेष रूप से विकसित सार्वजनिक शौचालय है जिनका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित स्वच्छ और सम्मानजनक स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना है। महापौर ने श्रीनिवास मद्दी जी का आभार करते हुए कहा है की उनके सहयोग और मार्गदर्शन से नगर निगम को आगे भी मदद मिलती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज परिसर में गूंजा योग का संदेश



**जगदलपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में विशाल योग शिविर का आयोजन किया । इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महिला पतंजलि योग समिति की सदस्य माना कोरम के निर्देशन में उपस्थित जनसमुदाय को योग का प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय छात्र सेना, महिला पतंजलि योग समिति के सदस्यों, महाविद्यालय के स्टाफ तथा पीएमटी हॉस्टल की छात्राओं सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।

### मेथोडिस्ट चर्च में यूथ सेमिनार



**जगदलपुर।** चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में रविवार को एक दिवसीय यूथ सेमिनार करवाया गया, जिसमें बस्तर संभाग के सभी मेथोडिस्ट चर्च के सम्पूर्ण कलीसिया के जवानों की उपस्थिति रही। साथ में मध्य प्रदेश रीजनल कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी रेव्ह मनीष एस गिडियन, रेव्ह. एरिक पी नाथ, डॉ. सालेम अर्नेस्ट, लंबोदर नाग कोडागांव और जगदलपुर के डीएस रेव्ह. सुरेश कुमार, रेव्ह. रविन्द्र नाथ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मनीष गिडियन द्वारा उद्घाटन दीप जलाकर की गई, इसके मुख्य वक्ता रेव्ह एरिक नाथ थे। उन्होंने एक नागरिक का जीवन कैसा होना चाहिए और अपने देश और समाज के लिए उन्हें कैसा बनना चाहिए इसके ऊपर उन्होंने वर्णन किया। जबकि संचालन पास्टर इंचार्ज रेव ललित मोहनलाल ने किया। अंत में मनीष गीडीएन कि आशीष वचन से सभा समाप्त की गई। इस दौरान रोनाल्ड सीबी सिंग, रोशन राज पानी, आदिश सिंग, रॉनी सावंत, सन्नी, शैलेंद्र शाह, विश्वजीत सिंह, नरेश सेठी, अनुराग तेलंग, राजकिशोर हारून, विनीश शाह, गौरव तिवारी, सुजीत नाग, जॉर्डन सामंत एवं जिले के सभी पास्टर, मिशनरी उपस्थित थे। इसकी जानकारी अनिमेष दास द्वारा दी गई।

### विद्युत कर्मचारियों ने मांगी पुरानी पेंशन



**जगदलपुर।** विधायक किरण सिंह देव से कार्यालयीन कर्मचारी संघ की भेंटकर कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ द्वारा पावर कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों की वर्षों से लंबित मांगों एवं समस्याओं के संबंध में विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। संघ के मांगों में 1 नवम्बर 2004 के पश्चात नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाए। लाइन परिचालक (संविदा) कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। पात्र संविदा कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने की मांग की। जगदलपुर एवं अंबिकापुर क्षेत्र के लिए 112 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। जगदलपुर क्षेत्र में अनुभाग अधिकारी के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति की जाए। श्री देव ने संघ के न्यायोचित मांगों को शासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा तथा उनके त्वरित एवं सकारात्मक निराकरण हेतु आवश्यक पहल की जाएगी। संघ के प्रतिनिधिमंडल संघ के अध्यक्ष गगनराज हिरवानी, महामंत्री धर्मेंद्र कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र कश्यप, प्रचार मंत्री गुलाब सिंह देवांगन, सदस्य परशुराम महाराणा सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विधायक आशाराम नेताम ने नियमित अभ्यास का किया आह्वान

# योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, स्वस्थ और खुशहाल रहें : लखनलाल देवांगन



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर**

स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का संदेश देते हुए 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को कांकेर में भव्य जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यू कम्युनिटी हॉल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, भूतपूर्व सैनिकों, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेटों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया।

सामूहिक योगाभ्यास के बाद अपने संबोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि योग और अध्यात्म भारत की प्राचीन विरासत है, जिसे आज पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का उद्देश्य प्रदेशवासियों को स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि योग से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा अनेक प्रकार के विकारों और बीमारियों से बचाव संभव है। वर्तमान की व्यस्त जीवनशैली में योग स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होने कहा कि जिस प्रकार प्राचीन काल में ऋषि-मुनि योग और साधना के माध्यम से आत्मशक्ति को जागृत करते थे, उसी प्रकार आज प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी दिलाया। जिले की सभी जनपद पंचायतों, नगरीय

### नियमित योग करे, दूसरे को करे जागरूक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का भी स्रोत है। उन्होंने नागरिकों से नियमित योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में स्वस्थ रहने के लिए योग सबसे प्रभावी उपाय है।

### योग प्रशिक्षकों ने कराया योग

न्यू कम्युनिटी हाल में सुबह सात बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक मोहन सेनापति, उपेश्वर ठाकुर और कुश साहू के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने ताड़ासन, अर्द्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, शवासन, पवनमुक्तासन, उष्ट्रासन, भद्रासन, मकरासन सहित अनेक योगासन किए। इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और नाड़ी शोधन जैसे प्राणायामों का भी सामूहिक अभ्यास कराया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग एवं संगीत दिवस पर स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



**कांकेर।** जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर में रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस का आयोजन उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। इस वर्ष योग दिवस की वैश्विक थीम योग स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार योग आश्रम मुंगेर से प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ देवधर शर्मा एवं सुरेन्द्र प्रयाग के निर्देशन में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योग न केवल शारीरिक लचीलेपन और मानसिक शांति का आधार है, बल्कि स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। योग सत्र के उपरांत विश्व संगीत दिवस के अवसर पर विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शास्त्रीय एवं लोक संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को सुरमयी बना दिया। संगीत की धुनों ने विद्यार्थियों के भीतर रचनात्मकता, आनंद और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। विद्यालय के प्राचार्य रितेश चौबे ने कहा कि योग शरीर और मन को स्वस्थ एवं अनुशासित बनाता है, वहीं संगीत आत्मा को शांति और संतुष्टि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए की थीम हमें आज से ही स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देती है। योग और संगीत का समन्वय जीवन में सकारात्मकता, संतुलन और सामंजस्य स्थापित करता है। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरमैन ज्योति गिदवानी, निदेशक शंकर गिदवानी एवं शैक्षिक सलाहकार गोविंद मुदलियार ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जेपी इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ जीवन-कौशल, मानसिक स्वास्थ्य और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। योग और संगीत के इस अनूठे संगम ने सभी को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान की।

# योग शिविर में भ्रामरी, कपालभाति, भस्त्रिका, प्राणायाम का किया अभ्यास

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने योग पखवाड़ा का समापन पूर्व माध्यमिक शाला मालगांव में किया। प्राचार्य मोनिता पाणिग्राही, पूर्व माध्यमिक शाला मालगांव के प्रधान अध्यापक टी. पी. पांडे एवं शिक्षक दशरथ कश्यप उपस्थित रहे। बच्चों ने उनके विशेष सहयोग के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल समन्वयक सुशांत कोर्राम का योगदान रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर ने पूरे योग पखवाड़े के दौरान योग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। योगार्थियों ने भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति, भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास किया। साथ ही ताड़ासन, गरुड़ासन, हंसमुखासन, सूर्य नमस्कार, मंडूकासन एवं ध्यान का नियमित अभ्यास कराया गया तथा योग एवं ध्यान के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। यही नहीं स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को योगाभ्यास के लिए जागरुकता रैली निकालकर प्रेरित किया। संचालन ई.टी.आई. ट्रेनिंग कार्यक्रम समन्वयक संजीवन कुमार भूआर्य ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक अमित सिंह, तिलक जोशी, प्रदीप कुमार ध्रुव, स्वयंसेवकों में ताबीर नाग, परमानंद नाग, पुनम ठाकुर, मनीषा ठाकुर, रोहिणी ठाकुर, कामाक्षी सेठिया, बसंत, जायल, दिव्यांशु, तिलोतमा कश्यप, लिम्बती, पूर्णिमा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# एसएसबी केवटी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंतागढ़**



12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 33वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी केवटी तथा इसके सभी समवायों सीओबी में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग रही, जिसके अनुरूप अधिकारियों एवं बलकर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

33वीं वाहिनी के कमांडेंट स्वयं समवाय ब्लॉक-ए पहुंचे और जवानों के साथ विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। उन्होंने बलकर्मियों को योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित और आत्मिक रूप से सशक्त बनाती है। नियमित योगाभ्यास से तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक सोच तथा कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ शरीर, संतुलित मन और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व को आत्मसात किया। कार्यक्रम का समापन नियमित योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# जनसहयोग और श्रमदान से अभनपुर के स्कूल की छत मरम्मत

**सरोना।** सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम अभनपुर में जनसहयोग और श्रमदान का प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। गांव के नागरिकों ने एकजुट होकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर की जर्जर खपरैल छत की मरम्मत कर खपरा पलटने का कार्य पूरा किया। लंबे समय से छत के खपरे खराब होने के कारण बारिश के दौरान कक्षाओं में पानी रिसने की समस्या बनी हुई थी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी।

विद्यालय की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने किसी सरकारी सहायता की प्रतीक्षा किए बिना स्वयं आगे आकर श्रमदान के माध्यम से मरम्मत कार्य शुरू किया। युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, अभिभावकों एवं अन्य ग्रामवासियों ने मिलकर क्षतिग्रस्त खपरों को हटाकर उन्हें व्यवस्थित रूप से पुनः लगाया, जिससे विद्यालय भवन को सुरक्षित बनाया जा सका। स्थानीय लोगों के अनुसार बरसात के दिनों में कई कक्षाओं में पानी टपकने से विद्यार्थियों को बैठने में परेशानी होती थी। छत की मरम्मत के बाद अब छात्राओं को सुरक्षित वातावरण में अध्ययन की सुविधा मिल सकेगी। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने ग्रामवासियों की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की सहभागिता से विद्यालय की एक बड़ी समस्या का समाधान हुआ है, जो शिक्षा के प्रति ग्रामीणों की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचायक है।



# योग दिवस पर किया सामूहिक योगाभ्यास, नगरवासी शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय हाई स्कूल मैदान भानुप्रतापपुर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर की सक्रिय सहभागिता वाले इस आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, नगर पंचायत परिवार, पुलिस विभाग, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, व्यापारी संघ, पत्रकार संघ तथा नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6 बजे मां भारती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात पतंजलि योग समिति के योगाचार्य ईश्वर साहू ने उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। सभी ने अनुशासन एवं एकाग्रता के साथ योगाभ्यास करते हुए स्वस्थ जीवनशैली का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन प्रसन्न तथा जीवन संतुलित रहता है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल प्रभारी विजय मंडावी, मुख्य अतिथि निखिल सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी नरोत्तम चौहान, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता टांडिया, महामंत्री शकुंतला यादव, गजानंद डड़सेना, रमेश तिवारी, शंकर गांधी, नरेश जैन, सचिन दुबे, योगाचार्य ईश्वर साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली नशा त्याग की शपथ

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर**

■ अपर कलेक्टर ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

जिले में नशामुक्त समाज के निर्माण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कार्यालय परिसर में नशामुक्त बीजापुर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल एवं संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी और सतत जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्परिणामों तथा इसके सामाजिक प्रभावों की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज की स्थापना की जा सकती है। जिला कार्यालय में आयोजित इस शपथ कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त बीजापुर अभियान को नई ऊर्जा मिली।

### जामपदर में लगा स्वास्थ्य शिविर

**गीदम।** कलेक्टर आदेशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में वर्षा ऋतु से पहले जिले के पहुंचविहीन एवं दुर्गम ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम जामपदर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। मानसून के दौरान जिले के कई गांव सड़क संपर्क टूटने के कारण मुख्यालय से कट जाते हैं। ऐसे में ग्रामीणों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता और मलेरिया, डायरिया, वायरल बुखार जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसी समस्या को देखते हुए कलेक्टर ने बारिश से पहले ही सभी पहुंचविहीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए थे। जामपदर में आयोजित शिविर में चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में सामान्य जांच के साथ-साथ मलेरिया, सर्दी-खांसी, बुखार, त्वचा रोग, रक्तचाप और शुगर की जांच की गई। गर्भवती महिलाओं और बच्चों की विशेष जांच कर उन्हें जरूरी परामर्श दिया गया। मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

## पेज 09 के शेष...

### कोंडागांव में ढाई ...

इनमें 39 कार्टून में 50-50 नग तथा एक कार्टून में 30 नग सहित कुल 1 हजार 970 पौवा अंग्रेजी गोवा व्हिस्की बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत 2 लाख 65 हजार 950 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वाहन चालक एवं आरोपी 28 वर्षीय महेश सेन निवासी सुपेला, भिलाई, जिला दुर्ग को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को भेजा गया जेल : पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त ऑर्टिगा कार की अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख रुपये बताई है। इस प्रकार शराब एवं वाहन सहित कुल 10 लाख 65 हजार 950 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना अंतागढ़ में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है तथा उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा जा रहा है।

### गैस रिफिलिंग के ...

और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने शासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि 45 दिन की अनिवार्य रिफिलिंग अवधि को घटाकर 15 से 20 दिन किया जाए, ताकि उज्ज्वला योजना का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंच सके।

### मानसून की बेरुखी ...

किसानों ने बीज, खाद और अन्य कृषि सामग्री की व्यवस्था पहले ही कर ली है, लेकिन बारिश नहीं होने से उन्हें आर्थिक नुकसान और फसल चक्र प्रभावित होने की चिंता सताने लगी है।

### सरोना में स्वास्थ्य ...

जैसी स्थिति बन गई है। सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढों का पता नहीं चल पाता, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इसी मार्ग से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के बीच जलभराव के कारण बच्चों को विद्यालय पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर स्वास्थ्य विभाग के सामने स्थायी जल निकासी व्यवस्था तथा नाली निर्माण कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### बेकाबू स्कॉर्पियो की ...

कांकेर पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 0673 के चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (ए) एवं 281 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर फरार चालक की तलाश कर रही है। इसके अलावा घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# एनसीसी कैडेट्स ने योग से सीखा आत्म-अनुशासन और शारीरिक सुदृढ़ता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 1 सीजी गर्ल्स एनसीसी बटालियन, परचनपाल, रायपुर ग्रुप, एमपी एवं सीजी निदेशालय के 400 कैडेट्स ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कन्या शिक्षा परिसर में सामूहिक योग सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन 1 सीजी गर्ल्स एनसीसी बटालियन ने कैडेट्स के मध्य शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक दृढ़ता, भावनात्मक संतुलन तथा आत्म-अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। योग सत्र का संचालन अनुभवी पतंजलि योग प्रशिक्षकों ने किया। जिन्होंने कैडेट्स को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान संबंधी अभ्यास कराए, जिससे उनके समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्रोत्साहन मिला। कैडेट्स को व्यक्तिगत स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण तथा पर्यावरणीय सततता के बीच महत्वपूर्ण संबंध के बारे में जागरूक किया गया। सत्र में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब उसके नागरिक शारीरिक रूप से सक्षम, मानसिक रूप से सशक्त तथा सामाजिक रूप से उत्तरदायी हों। उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह दर्शाया कि योग आज केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सकारात्मक पद्धति बन चुका है। योग तनाव प्रबंधन, एकाग्रता वृद्धि तथा व्यक्तित्व निर्माण का एक प्रभावी माध्यम है। इस आयोजन ने एनसीसी के मूल्यों अनुशासन, एकता, नेतृत्व क्षमता तथा निःस्वार्थ सेवा को भी और अधिक सुदृढ़ किया।

## सीजी गर्ल्स एनसीसी बटालियन ने किया सामूहिक योगाभ्यास



### नियमित योग का संकल्प

समापन पर सभी कैडेट्स ने नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अपने साथियों एवं समाज को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। यह आयोजन विश्व को भारत द्वारा दिए गए अमूल्य उपहार योग के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक उत्कृष्ट अवसर सिद्ध हुआ तथा सशक्त, जागरूक एवं जिम्मेदार युवाओं के निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## विधायक की मौजूदगी में नागरिकों और पुनर्वासित युवाओं ने किया योग

# योग स्वस्थ और संतुलित जीवन की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला संसाधन केंद्र में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों और पुनर्वासित युवाओं ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

■ जिला संसाधन केंद्र में उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नीलकंठ टेकाम ने दीप प्रज्वलन एवं योगाभ्यास के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ और संतुलित जीवन की आधारशिला है।

कलेक्टर विश्वदीप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमन झा एवं चंद्रकांत गवर्ना, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल एवं उत्तम सिंह पंचारी सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, वन विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की गतिविधियों का अभ्यास किया। विशेष रूप से पुनर्वासित युवाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उनकी सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन बनाए रखने में योग की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा अपने परिवार एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन स्वास्थ्य, सामूहिक सहभागिता और सकारात्मक जीवनशैली के संदेश के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



### योग दिवस पर नशामुक्त समाज का संकल्प

विधायक ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनावमुक्त रहने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही समृद्ध समाज एवं राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को विधायक ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया।

## योग से स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर आरोग्य की ओर बढ़ाएं कदम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आयुष विभाग की ओर से जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू के मार्गदर्शन में तोकापाल ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) शासकीय आयुर्वेद औषधालय डिमरापाल के डॉ. ऋचा कटारे के नेतृत्व में 17 जून से पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका समापन 21 जून को किया गया। शिविर में डॉ. साहू ने बताया कि योग से स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर आरोग्य की ओर एक कदम बढ़ाएं, शुरूआत में प्रतिदिन 15-20 मिनट से अभ्यास शुरू करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं। दिन भर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर के विषैले तत्व बाहर निकल सकें। डॉ. कटारे ने बताया कि सुबह कालीन शौच आदि दैनिक क्रियाओं से निवृत्त होकर खाली पेट तथा ढीले-ढाले सुविधाजनक वस्त्रों के साथ योग करें। शिविर में आयुष विभाग के योग शिक्षक ज्योति विश्वकर्मा ने बच्चों को प्रतिदिन योग का प्रशिक्षण दिया, जिसमें श्वास नियंत्रण के लिए अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम करें, जो मानसिक तनाव को दूर करने में अत्यंत प्रभावी हैं।

■ 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को कहा करेंगे योग रहेंगें निरोग

# योग को दैनिक जीवन में शामिल किया जाए : डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर 217 बटालियन सीआरपीएफ वाहिनी मुख्यालय परिसर कोन्टा में डीआईजी राजेश पांडे के नेतृत्व में एवं कमांडेंट विजय शंकर की उपस्थिति में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इसके साथ ही वाहिनी की सभी कम्पनियों ई/217 बटा.धर्मापेंटा, जी 217 वेलकनगुडेम एफ 217 तुमालभाटी एवं सी 217 सलातोंग में भी इसका बड़े पैमाने पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों के साथ साथ रेंज मुख्यालय कोन्टा व वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया।

■ 217वीं वाहिनी सीआरपीएफ में मनाया गया योग दिवस



डीआईजी ने योगाभ्यास में उपस्थित सभी अधिकारी एवं जवानों को इसके महत्व एवं आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि योग केवल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ही न किया जाए। बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवन शैली में भी शामिल किया जाए जिससे दैनिक जीवन में शांति, आत्मविश्वास और साहस को बढ़ावा मिलेगा।

योग से हम शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक परिपक्वता बनाये रख सकते है। विदित हो कि पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था तभी से प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अरविन्द पी आनंद, द्वि.कमा.अधि.वीरेंद्र कुमार, द्वि.कमा.अधि.नीर सिंह मीणा, द्वि.कमा.अधि. विजय कुमार उप कमा. 217 बटा.एवं वी. मुर्गनाथन, सहा. कमा.अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने मिलकर योगाभ्यास किया।

## योग शिक्षक के मार्गदर्शन में गूंजा सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



एनएमडीसी की बैलाडीला लौह अयस्क खदान किरंदुल में मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक के निर्देशन में परियोजना विद्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम परियोजना विद्यालय के सभागार में मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक और प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा नमिता नारायण, इंटक के सेक्रेटरी ए के सिंह व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। एम तिरुपति राव उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। योग दिवस के अवसर पर परियोजना प्रमुख रविंद्र नारायण ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। योग एक शारीरिक क्रिया है। योग हमारे शरीर, मन और ध्यान को जोड़ता है। तत्पश्चात योग शिक्षक ध्रुव ने उपस्थितों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, पद्मासन, व्रजासन, श्वासन व सूर्य नमस्कार आदि आसनों एवं सहज योग का अभ्यास कराया।

■ एनएमडीसी बैलाडीला खदान में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

कार्यक्रम के दौरान के.पी.सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक संयंत्र प्रमुख रूप से उपस्थित थे। संचालन पारितोष तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योगदान रहा। इसी प्रकार परियोजना स्थित फुटबॉल ग्राउंड व सामाजिक भवनों में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगरवासियों ने योगाभ्यास किया।

### 231 बटालियन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



गीदम। सुनील भवर कमांडेंट के नेतृत्व में 231 बटालियन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर कमांडेंट ने जवानों को योग के महत्व व स्वस्थ्य जीवन शैली हेतु दैनिक जीवन में योग अपनाने हेतु जवानों से आह्वान किया। योग प्रशिक्षक द्वारा जवानों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया तथा योग के विभिन्न आसनों से होने वाले शारीरिक लाभों से जवानों को परिचय कराया। वैसे तो वाहिनी द्वारा जवानों से नियमित रूप से योगाभ्यास कराया जाता है लेकिन इस अवसर पर आयोजित योग सत्र में वाहिनी मुख्यालय के साथ-साथ दूर-दराज स्थित वाहिनी की समवायों द्वारा भी पूरे जोश तथा इच्छाशक्ति के साथ जवानों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई, जिसका जवानों ने भरपूर लाभ लि। इस अवसर पर सतीश कुमार मलिक द्वितीय कमान अधिकारी, संजय कुमार पूनिआ उप कमाण्डेंट, एम. संतोष सिंह उप कमा, सुनील कुमार सिंह सहायक कमाण्डेंट, चिकित्सा अधिकारी मनमोहन मीना सहित अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक सौंदर्य के बीच तीरथगढ़ में गूंजा योग का संदेश अधिकारियों और ग्रामीणों ने किया योगाभ्यास

दरभा। विकासखण्ड दरभा अंतर्गत तीरथगढ़ जल प्रपात में 12वॉ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग की बारीकियों को बताते हुए भुजंगासन, मकरासन, शलभासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस योग दिवस में जनपद अध्यक्ष मानक दई जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश के साथ दरभा भाजपा मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम जनपद सदस्य गागरा राम नाग, संतोष बघेल के साथ ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी एवं शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। सभी योगाभ्यास बड़े प्रसन्नता के साथ किया गया। जिला से आये योगाचार्य ने शांति पाठ कराते हुए योग की महत्व को बताया,जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने बताया कि भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 11 दिसंबर 2014 की 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया। भारत योग का जन्मदाता है और योग भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा है। साथ ही कहा कि स्वस्थ्य जीवन हेतु योग आज हर व्यक्ति की आवश्यकता बन चुका। याददाश्त बढ़ाने बच्चों को नियमित भ्रामरी प्राणायाम करना चाहिए।



# एनएमडीसी मुख्यालय में मनाया योग दिवस कर्मचारियों ने लिया नियमित योग का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

विश्व योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के बचेली परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 250 कर्मचारियों और अधिकारियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ हिस्सा लेकर योग के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, महाप्रबंधक मानव संसाधन महेश एस. नायर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा यूनियन के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शारीरिक फिटनेस को बनाए रखने और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न आसन और प्राणायाम किए गए। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और कार्यस्थल के तनाव को दूर करने के लिए योग सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का समापन बेहद सकारात्मक माहौल में हुआ, जहां उपस्थित सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने केवल योग दिवस ही नहीं, बल्कि वर्ष के प्रत्येक दिन नियमित रूप से योग करने और अपने परिवार व समाज को इसके प्रति जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया।



## खबर संक्षेप

### मोतियाबिंद शिविर में 12 मरीजों का हुआ ऑपरेशन



बस्तर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर के तहत चिन्हित 12 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन महारानी अस्पताल जगदलपुर और शहीद महेंद्र कर्मा मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में कराए गए। शिविर के दौरान जांच में मोतियाबिंद से ग्रस्त पाए गए मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया था। इसके तहत महारानी अस्पताल जगदलपुर में 8 मरीजों की सर्जरी डॉ. सरिता थॉमस के नेतृत्व में की गई। जबकि मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में 4 मरीजों का ऑपरेशन डॉ. छाया सोरी की देखरेख में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी मरीजों की सर्जरी सफल रही और ऑपरेशन के बाद उन्हें आवश्यक दवाइयां व परामर्श देकर एम्बुलेंश से उन्हें घर घर छोड़ा गया। डॉक्टरों ने मरीजों को ऑपरेशन के बाद देखभाल और नियमित जांच के लिए बुलाया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि मोतियाबिंद से पीड़ित ग्रामीणों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना शिविर का मुख्य उद्देश्य है, ताकि उन्हें दृष्टि दोष से मुक्ति मिल सके और वे सामान्य जीवन जी सकें।

### सीसीएफ व डीएफओ ने किया पौधरोपण



जगदलपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वन विभाग के सीसीएफ एवं डीएफओ ने पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) सुश्री स्टाइलो मंडावी ने बताया कि जिस प्रकार योग मानव जीवन को स्वस्थ एवं संतुलित बनाता है, उसी प्रकार वृक्ष पृथ्वी के पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने भी वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### युवाओं और बुजुर्गों ने लिया योग में हिस्सा



भोंड। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मधोता में योग शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में गांव के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक के रूप में प्रेमसागर ठाकुर उपस्थित थे, जिनके मार्गदर्शन में ग्रामीणों ने योग के विभिन्न गुर सीखे।
शिविर की शुरुआत सुबह सामूहिक प्रार्थना के साथ हुई। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित ग्रामीणों को योग का महत्व समझाते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। उन्होंने ग्रामीण परिवेश में दैनिक दिनचर्या के साथ योग को जोड़ने के आसान तरीके बताए। सबसे खास बात यह रही कि बुजुर्गों ने प्राणायाम, कपालभाति और अनुलोम-विलोम के जरिए मानसिक शांति का अनुभव किया। सभी ग्रामीणों ने मिलकर सूर्य नमस्कार और विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक योगासनों का अभ्यास किया। समापन पर योग प्रशिक्षक और पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी उपस्थित जनों को दैनिक जीवन में कम से कम आधा घंटा योग को देने का संकल्प दिलाया गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद पर युवक ने मारपीटकी व दी जान से मारने की धमकी

**कांकेर।** थाना कोरर क्षेत्र के ग्राम तेलावट में पुराने घरेलू जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में थाना कोरर पुलिस ने अजाक थाना कांकेर से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जांच में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा महिला संबंधी अपराध के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई, जबकि गाली-गलौज, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला पाया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम तेलावट निवासी सगउ राम चुरेन्द्र, संजय चुरेन्द्र एवं मेहतरीन बाई द्वारा 2 जून की रात करीबन साढ़े 8 से 9 बजें के बीच ग्राम तेलावट निवासी गीतेश्वर पाल के विरुद्ध पुराने जमीन विवाद को लेकर गाली-गलौज, मारपीट तथा धमकी देने की शिकायत अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना कांकेर में दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच अजाक थाना कांकेर द्वारा कराई गई। जांच में पाया गया कि आरोपी गीतेश्वर पाल ने पुराने घरेलू जमीन विवाद के चलते संजय चुरेन्द्र के साथ गाली-गलौज करते हुए उसकी गर्दन पकड़कर हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने पहुंची मेहतरीन बाई के साथ भी धक्का-मुक्की एवं मारपीट की गई। घटना के दौरान आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद विवाद शांत हुआ। अजाक थाना कांकेर द्वारा की गई जांच में बीएनएस की धारा 296, 115(2) एवं 351(2) के तहत अपराध घटित होना पाया गया, जबकि जातिसूचक गाली-गलौज अथवा महिला संबंधी किसी विशेष अपराध की पुष्टि नहीं होने पर घटना स्थल थाना कोरर क्षेत्रांतर्गत होने के कारण समस्त जांच दस्तावेज एवं प्रतिवेदन अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना कोरर भेजा गया है। पुलिस द्वारा प्राप्त शिकायत, कथन, चिकित्सकीय दस्तावेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत व एक गंभीर

**कांकेर।** अंतागड़ थानांतर्गत हिंदुबिनापाल मुख्य मार्ग पर शनिवार शाम हुए एक दर्दनाक



सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। देवनाथ दुग्गाने पुलिस को बताया कि देवराज दुग्गा व दयसिंग दुग्गा के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एआर 9160 से ग्राम कामता में एक रिश्तेदार के निधन संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों शाम करीब साढ़े 6 बजे वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम हिंदुबिनापाल के मुख्य मार्ग पर मंदिर के समीप पहुंचने पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक चालक देवराज दुग्गा के सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे दयसिंग दुग्गा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां चिकित्सकों ने देवराज दुग्गा को मृत घोषित कर दिया। वहीं दयसिंग दुग्गा के सिर में गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर चिकित्सा के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एआर 9160 के चालक देवराज दुग्गा के खिलाफ धारा 106 (1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**निरोगी काया और स्वस्थ जीवन के लिए योगाभ्यास नियमित करें**

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास का किया आयोजन, सैकड़ों छात्र-छात्राएं हुए शामिल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट कांकेर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ. पीएस मरकाम एवं प्रभारी रासेयो डॉ. अनिल दिव्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वर्षा रानी साहु द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया और साथ ही प्रत्येक योग का शरीर के किस भाग पर विशेष उपयोगी होता है इसकी जानकारी भी प्रदान किया गया।

■ रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में योगाभ्यास का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मानव श्रृंखला निर्मित कर योग के उद्देश्य को लोगो तक पहुंचाने का संदेश दिया गया और साथ ही योगासन कर लोगों को शारीरिक सुदृण्ड करने का भी संदेश दिए। प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. पीएस मरकाम ने योग के अवधारणा को प्रकाश में लाते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कार्यालयीन स्टाफ एवं छात्रो को मानसिक, शारीरिक अवसाद से बचने के लिए योग को दैनिक जीवन में अपनने की अपील किए एवं शिक्षा के लिए अनुकुल वातावरण निर्मित करने पढ़ाई के साथ-साथ योग को आवश्यक बताया। प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अनिल दिव्य ने मनुष्य जीवन में योग को अहम भूमिका बताते हुए नित्य दिन करने की सलाह देते हुए कहा की शारीरिक विकार को दूर करने एवं निरोग जीवन के लिए योग आवश्यक है।

सह-प्राध्यापक डॉ. अनिल दिव्य ने कहा कि योग तनाव शारीरिक अवसाद से होने वाले शारीरिक बीमारियों को दूर करने का एक अच्छा उपाय है, जिसे अपने घर एवं आसपास के लोगों को अवगत कराने की सलाह दिये। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार नेताम, अतिथि शिक्षक प्रदीप कुमार गंजीर, थलेश कुमार, डॉ. जागृति पटेल, डॉ. उषा यादव, वर्षा रानी साहू, नरेन्द्र कुमार साहू, महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विश्व शांति व मानवता के कल्याण के लिए पैराडाइज में आयोजन

**कांकेर।** विश्व शांति एवं मानवता के कल्याण के उद्धेश्य से पैराडाइज हायर सेकेंडरी एवं सीबीएसई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर योग के प्रति अपनी आस्था और जागरूकता का परिचय दिया। योग प्रशिक्षक रामेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। विद्यार्थियों को योग के स्वास्थ्य लाभ, मानसिक संतुलन और व्यक्तित्व विकास में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्राचार्य रश्मि रजक ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे दैनिक जीवन में अपनाकर स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन जिया जा सकता है। वहीं स्कूल मैनेजर योगेश कुमार रजक ने योग को आत्म-अनुशासन, मानसिक शांति और एकाग्रता का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नियमित योग और प्राणायाम करने का संकल्प लिया। शिक्षकों एवं स्टाफ के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पैराडाइज स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए योग, खेल, संगीत, कला एवं नैतिक शिक्षा जैसी गतिविधियों का नियमित संचालन किया जाता है। कार्यक्रम को आयोजित कराने में कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, शिक्षक वर्षा रामानी आदि शिक्षकों के द्वारा सफलतापूर्वक हुआ।



### पॉलीटेक्निक के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



**कांकेर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा रविवार को योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्धेश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए आयोजित कार्यक्रम में योग को स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने तथा इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर और मन के संतुलित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## 20 साल पुराने जमीन विवाद का शांतिपूर्ण समाधान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

पिछले दो दशकों से चले आ रहे जमीन विवाद और लगातार बढ़ रहे तनाव को आखिरकार पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयासों से शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लिया गया। बांदे थाना क्षेत्र के ग्राम पीव्ही79 शांतिपुर में पार्वती मंडल और आशुतोष दत्ता के बीच चल रहे विवाद का निपटारा सामाजिक समन्वय और आपसी सहमति से कर गांव में शांति और सौहार्द का नया संदेश दिया गया।

■ पुलिस और समाज के प्रयास से दो परिवारों में बनी सहमति

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों परिवारों के बीच निवासरत भूमि को लेकर लगभग 20 वर्षों से विवाद चला आ रहा था। विवाद के चलते कई बार मारपीट की घटनाएं हुईं और इसकी शिकायतें थाना बांदे में दर्ज होती रहीं। पुलिस द्वारा समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई, लेकिन विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका। लगातार तनाव की स्थिति को देखते हुए किसी भी समय गंभीर घटना होने की आशंका बनी हुई थी और दोनों परिवार सामाजिक रूप से भी अलग-थलग पड़ते जा रहे थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम शांतिपुर में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्या सुनीता मंडल, बंग समाज प्रमुख मनोज मंडल, जतन विश्वास, मिहीर राय, पूर्व सरपंच सालिक गावड़े, ग्राम प्रमुख संतोष कीर्तनिया सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं करीब 100 ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनी गई और समाज प्रमुखों तथा पुलिस अधिकारियों के प्रयासों से आपसी सहमति के आधार पर विवाद का समाधान कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई।

## तालाकुर्रा में योगाभ्यास किया और शीतला मंदिर में साफ-सफाई की

**धनेलीकन्हार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल धनेलीकन्हार के अंतर्गत ग्राम तालाकुर्रा में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय स्कूल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और योग के महत्व को आत्मसात किया। इसके पश्चात मां शीतला मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई।



इस अवसर पर प्रभारी जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा ईश्वर कावड़े ने कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन प्रसन्न तथा जीवन संतुलित रहता है। उन्होंने स्वस्थ एवं निरोगी समाज के निर्माण के लिए सभी से योग को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, सरपंच विनोद रावटे, प्रदेश भाजपा सदस्य विकेश हिचामी, महामंत्री देवेंद्र यदु, अशोक कचलाम, भाजपा अजजा जिलाध्यक्ष ईश्वर कावड़े, उपसरपंच जितेंद्र साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष संजय जैन, बिहारी लाल दनात, नरोत्तम यदु, महादेव यदु, डिकेंद्र नुरेटी, देवेंद्र बारला सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सरोना में भाजपा का स्वच्छता अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना द्वारा रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कृषि उपज मंडी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान मंडल प्रभारी डॉ. देवेंद्र साहू के निर्देश, मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा के नेतृत्व तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं स्वच्छता अभियान की जिला सहसंयोजक तारा ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए अस्पताल के ओपीडी, वार्ड, प्रतीक्षालय एवं परिसर के साथ-साथ कृषि उपज मंडी क्षेत्र में झाड़ू लगाकर सफाई की। कचरे का उचित निपटान किया गया तथा नालियों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। मरीजों और उनके परिजनों को भी साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत मिशन आज जनआंदोलन का रूप ले चुका है। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है और प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दे। मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज सेवा और जनहित के कार्यों में सदैव सक्रिय रहते हैं। उन्होंने बूथ स्तर तक स्वच्छता अभियान को गति देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छ एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### युवती का आश्लील वीडियो वायरल, आरोपी को रिमांड पर भेजा जेल

**कांकेर।** सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवती के अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर उसे बदनाम करने के मामले में बांदे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रकरण में पीड़िता ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि बांदे निवासी ब्रोजेन पाल और पुणे निवासी सागर काले ने उसके साथ अवैध संबंधों के दौरान अश्लील फोटो और वीडियो तैयार किए थे। बाद में उसे बदनाम करने की नीयत से उक्त सामग्री को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना बांदे में अपराध क्रमांक 50/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 77, 79, 351(2), 3(5) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(सी), 66(ई) एवं 67(ए) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। थाना प्रभारी रामचंद्र साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी 30 वर्षीय ब्रोजेन पाल 30 वर्षीय पिता स्व. जयदेव पाल निवासी थाना बांदे को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय कांकेर में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। बांदे पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री का दुरुपयोग कर किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का प्रयास न करें। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740